<u>रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर</u>

विश्वविद्यालय प्रेक्षागृह में 'युवा संवाद' ऑनलाईन कार्यक्रम

जबलपुर 06 अप्रैल। माननीय मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जी के मुख्य आतिथ्य में 'युवा संवाद' एक दिवसीय कार्यक्रम दिनांक 06 अप्रैल 2022 को कुशाभाऊ ठाकरे सभागार, भोपाल में आयोजित किया गया। मान. कुलपति प्रो. कपिल देव मिश्र, कुलसचिव प्रो. बृजेश सिंह, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. विवेक मिश्रा, परीक्षा नियंत्रक डॉ. रश्मि टंडन की उपस्थिति में विश्वविद्यालय के पं. कुंजीलाल दुबे प्रेक्षागृह में दोपहर 12 बजे से इस राज्य स्तरीय 'युवा संवाद' ऑनलाईन प्रसारण किया गया जिसे आभासी माध्यम से शिक्षण विभागों के विभागाध्यक्ष, प्राध्यापकगण एवं विद्यार्थियों ने देखा एवं सुना।